RAMAIAH INSTITUTE OF BUSINESS STUDIES
LIBRARY
BANGALORE-54

SE – 155

## II Semester B.B.A./B.H.M. Examination, June/July 2025
## (SEP)
## HINDI (Paper – II)
## Hindi Kavya, Patra Lekhan Aur Sankshepan

Time : 3 Hours  Max. Marks : 80

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखिए : **(10×1=10)**

1) मो का वचन किसके समान हैं ?
2) राणाजी ने मीराभाई को क्या भेजा था ?
3) कौआ किससे सन्तुष्ट हो जाता हैं ?
4) चींटी कैसे चलती हैं ?
5) ‘कैदी और कोकिला’ कविता के कवि का नाम लिखिए ।
6) अविवेक कैसे धो डाला गया ?
7) दीपक कौन जलाये बैठा हैं ?
8) मनुष्य किसकी परते खोलता है ?
9) बारिश के कारण मिट्टी से कैसी खुशबू आती है ?
10) किसकी लूट सबसे खतरनाक नहीं होती है ?

II. किन्हीं **दो** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **(2×7=14)**

अ) गंगा जमुना सरस्वती, सात सिंधु भरपूर ।
‘तुलसी’ चातक के मते, बिन स्वाति सब धूर ।।

आ) मेरी ज्वाला, जन की ज्वाला होकर एक
अपनी उष्णता में धो चलें अविवेक
तू है मरण, तू हैं रिक्त, तू हैं व्यर्थ
तेरा ध्वंस केवल एक तेरा अर्थ ।

इ) सबसे खतरनाक होता हैं
हमारे सपनों का मर जाना
सबसे खतरनाक वो घड़ी होती है
आपकी कलाई पर चलती हुई भी जो
आपकी नजर में रूकी होती है ।

P.T.O.

Scanned with OKEN Scanner

III. किन्हीं **दो** कविताओं का सारांश लिखकर उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । (2×15=30)

1) जुगनू

2) पूंजीवादी समाज के प्रति

3) मन का संतोष ।

IV. किसी **एक** विषय पर टिप्पणी लिखिए : (1×6=6)

1) चींटी

2) कैदी और कोकिला ।

V. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : (1×10=10)

1) व्यवस्थापक, जनरल इन्श्योरेंस सोसाइटी को अग्नि-बीमा के सम्बन्ध में पूछताछ के लिए एक बीमा सम्बन्धि पत्र लिखिए ।

2) नूतन टैक्सटाइल्स की ओर से वेंकटेश्वर टैक्सटाइल्स, कांजीवरम को माल भेजने में देरी होने के लिए एक शिकायती पत्र लिखिए ।

VI. निम्नलिखित अवतरण का **एक तिहाई** शब्दों में संक्षिप्तीकरण करते हुए एक उचित शीर्षक दीजिए : (1×10=10)

भारतवर्ष अपनी चित्रकला, शिल्पकला और वास्तुकला के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं । आगरा में यमुना तट पर स्थित ताजमहल वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना हैं । अपनी निर्माण कला के कारण यह विश्व के सात अजूबों में से एक है । सफेद संगमरमर बने ताज की अनुपम सुंदरता को देखकर विदेशी पर्यटक दाँतो तले उँगली दबा लेते है । ताजमहल का निर्माण बादशाह शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताज की याद में बनवाया था । इसका निर्माण लगभग २० हजार मजदूरों ने बीस वर्षों में किया था । ताजमहल के प्रवेश द्वारा पर लाल पत्थर लगे हैं, जिन पर पवित्र कुरान की आयतें खुदी हुई है । ताज के गुंबद और किनारे दूर से ही दिखाई देते हैं । अपनी सुंदरता और कारीगरी के कारण यह पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं ।

Scanned with OKEN Scanner